**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS- पंजाब केसरी DELHI ---------------DATED- 25 जुलाई, 2023

# दिल्ली के सौंदर्यीकरण के लिए डीडीए ने कोई घर नहीं गिराया

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री कौशल किशोर ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर नगर के सौंदर्यीकरण के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा किसी भी घर को नहीं गिराया गया है। राष्ट्रीय राजधानी में पिछले कुछ महीनों के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया और धार्मिक सहित कई ढांचों को ध्वस्त किया गया। दिल्ली में सितंबर में जी20 शिखर सम्मेलन का आयोजन होने वाला है। किशोर ने राष्ट्रीय जनता दल के राज्यसभा सदस्य मनोज कुमार झा द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा, डीडीए ने सूचित किया है कि जी20 शिखर सम्मेलन के लिए नगर के सौंदर्यीकरण की खातिर किसी भी घर को नहीं गिराया गया है। किशोर ने कहा कि सरकारी या डीडीए भूमि पर अतिक्रमण की पहचान करना और उसे हटाना एक सतत गतिविधि है। उन्होंने कहा कि दिल्ली मास्टर प्लान 2021 के प्रावधानों और एकीकृत भवन उपनियमों के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए 25 अप्रैल, 2018 को डीडीए उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में एक विशेष कार्यबल (एसटीएफ) का गठन किया गया था। मंत्री ने कहा कि एसटीएफ अतिक्रमणों, अवैध निर्माणों और भवन उपनियमों के उल्लंघन की शिकायतों की पहचान करता है और उसके बाद संबंधित शहरी स्थानीय निकायों को मामले में उचित कार्रवाई करने का निर्देश देता है।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS---------- THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI TUESDAY, JULY 25, 2023 DATED-------------------

# Yamuna will reclaim its 'regulated' land, pay heed

**Sudhir Vohra**

The Yamuna water will eventually recede, the city will be cleaned up and normalcy restored. It would, however, be foolish not to learn any lessons from the crisis and pretend it is business as usual. The fury of the river this time has indicated that we can ignore the red flags only at our peril. We have a track record of doing so.

It was in 1978 when an angry Yamuna caught the city off guard. Areas like Mukherjee Nagar in the north, Kalindi Kunj and Maharani Bagh in the south and many others in the stretch between the spot where the river enters Delhi and where it exits towards Mathura and Agra were flooded.

In response to this crisis, engineering solutions of constructing gates to prevent the water flowing back into the capital's many drains were adopted and the Master Plan of Delhi 2001 also initiated the process of identifying and notifying the floodplain area (Zone O). An area of about 10,000 hectares was "red-lined" as a no-construction zone and recognized as ecologically sensitive. MPD 2021 retained this.

While no land in the floodplains was earmarked for construction in this sensitive zone post 1982, the follies of Asian Games of 1982 were quickly forgotten. Players Building, now the NCTD Secretariat, Akshardham Temple, Commonwealth Games Village and some other constructions became the city's new landmarks. All these covered a substantial area in the floodplains and narrowed the flow path of the river.

A water colour painting from the Mughal era (bridge with five arches, between Red Fort and Salimgarh Fort), along with a photograph of that area under neck-deep water this time, shows how the river reclaimed its path.


Rajesh Mehta

CATCHING THE CITY OFF GUARD

Technical solutions are available to prevent such flooding. Deep dredging of the soil in the river, construction of bunds and embankments, installing pumps and sluice gates to regulate the backflow from the numerous drains which flow into the Yamuna and a host of other measures can be implemented speedily. Even the administrative maze of different agencies maintaining different barrages and gates – NCTD, Haryana and Uttar Pradesh are responsible for various barrages and sluices – can be sorted out with one agency created to regulate the 48 odd kilometers of the river that runs through the city. All this is doable.

That, however, can be only a part of the solution. Since 2013, the planning authorities of NCTD have been proposing to reduce the floodplain area by about 40%. According to the Draft Master Plan of Delhi 2041, about 3,500 hectares out of the 10,000 hectares of Zone O is slated to be what DDA calls a "Regulated Area". And that's where lies the catch.

Historically, this planning lexicon has been twisted and tweaked to "regularize unauthorized use/construction" all over Delhi. As the MPD has a 20-year lifespan and is revised every two decades, it gives the future city planners and administrators enough time to "regularize" and then allow further unauthorized activities/constructions, and then to "regularize" again. More than 50% of the city's land is what we now call "unauthorized regularized" colonies/areas. Even industrial areas like Mundka have been born through such processes and later "regularized".

MPD 2041 is still sometime away from being notified. One can only hope that the drafters don't make the monumental blunder of creating a so-called "regulated sub-zone" in Zone O of the Yamuna floodplains.

They must remember that the river has a memory that never fades.

*(Sudhir Vohra is a Delhi-based architect and urban planner)*

। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । मंगलवार, 25 जुलाई 2023

# 25 दिन में बिके DDA के 1472 फ्लैट्स

## 'फर्स्ट कम, फर्स्ट सर्व' हाउसिंग स्कीम को मिल रहा अच्छा रेस्पॉन्स

■ **विस, नई दिल्ली :** डीडीए के चौथे चरण की 'फर्स्ट कम, फर्स्ट सर्व' हाउसिंग स्कीम को अच्छा रेस्पांस मिल रहा है। स्कीम में अब तक करीब 27 प्रतिशत फ्लैट्स बिक गए हैं। जसोला में सबसे महंगे एचआईजी फ्लैट्स भी 50 प्रतिशत तक बुक हो गए हैं।



डीडीए की यह स्कीम 30 जून को लॉन्च की गई थी। स्कीम में विभिन्न कैटिगरी के 5500 फ्लैट्स शामिल किए गए हैं। इनमें से 1472 फ्लैट्स अलॉट किए जा चुके हैं। स्कीम के पहले ही दिन द्वारका के सभी 50 फ्लैट्स बुक हो गए थे। स्कीम के तहत 1 BHK के फ्लैट्स नरेला, सिरसपुर, रोहिणी और लोकनायकपुरम में उपलब्ध करवाएं गए हैं। 2 BHK के फ्लैट्स नरेला और द्वारका में और 3 BHK के फ्लैट्स जसोला में हैं।

डीडीए के अनुसार नरेला में 660 और रोहिणी में 692 फ्लैट्स अलॉट किए जा चुके हैं।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

Hindustan Times

# Encroachments led to Yamuna's flooding: Experts

Jasjeev Gandhiok
letters@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** With the Yamuna flowing above its evacuation mark of 206m for the second day in a row on Monday, experts urged authorities to demarcate the river's active floodplain zone and remove major encroachments falling within it, noting that the mushrooming of encroachments had led to the path of the river becoming narrow in Delhi.

Looking at this year's unprecedented flooding of the Yamuna, after the river touched an all-time high of 208.66m on July 13, the experts also suggested better utilisation of the canals which adjoin the barrages on the river.

The observations were made at a panel discussion organised by the citizens' group Yamuna Sansad. The water level of the Yamuna was 205.94 metres on Monday.

AK Gosain from Indian Institute of Technology (IIT) Delhi, who worked on the Capital's drainage master plan 2018, said two factors worked against the city — the poor design of its drains, and the increasing encroachments.

"Our drains are built wrong, as their escape levels are far lower than Yamuna's water level during the monsoon season. The stop gates at these drains have to be closed, and this not only allows the drain water to go into the river, but also leads to inundation if it rains, as there is no way for the water to escape," he said, adding that the drainage master plan prepared in 2018 was not accepted by the Delhi government, despite flaws in the existing plan.

"The long-term solution is to fix our drains and ensure the stormwater and sewage flows separately. Along the floodplains, we need to actively remove encroachments," he said.

> Until we remove encroachments, flooding will only become worse.
>
> **SHASHANK SHEKHAR,** department of geology, Delhi University

Conservationist Rajendra Singh, who is called the "waterman of India", said rampant construction and encroachments in the Yamuna has gradually eaten away at the natural path of the river. "If there are a number of bridges in the river's path, the silt that the river brings will get accumulated when it comes in contact with these structures. Once the riverbed starts to rise, such high levels will become more frequent," said Singh, adding that dredging and not desilting was the solution for this high silt, but the long-term solution remains to remove major encroachments.

He further pointed to better usage of canals, stating the eastern and western canals adjoining the Hathnikund barrage in Yamunanagar district in Haryana can handle 27,000 cusecs of water combined, while the Gurugram canal — adjoining the Okhla barrage and capable of handling 50,000 cusecs — was also not used during this flood.

"If we plan better, water can be released into these canals before it crosses 100,000 cusecs. If the Gurugram canal was used, the situation could have been a lot better too," he said.

Faiyaz Khudsar, scientist-in-charge of the Biodiversity Parks Programme of the Delhi Development Authority, said, "In order to maintain the health of the river and its flow, it is important to plant native grasses in the floodplain as part of ecological restoration."

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । मंगलवार, 25 जुलाई 2023



# नुकसान के आकलन के लिए होगा ड्रोन सर्वे

■ **विस, नई दिल्ली :** डीडीए फ्लडप्लेन से हुए नुकसान का पता लगाने के लिए बायोडायवर्सिटी पार्क और यमुना किनारे के दूसरे प्रोजेक्ट्स का ड्रोन सर्वे करवाएगा। यमुना में बाढ़ के बाद से ही इन जगहों पर पानी भरा है। राजधानी में यमुना पल्ला से आती है और जैतपुर से यूपी में एंट्री करती है। यह दूरी करीब 52 किलोमीटर की है। यमुना के इस बाढ़ क्षेत्र में डीडीए के 10 बायोडायवर्सिटी पार्क और रिस्टोरेशन प्रोजेक्ट हैं। इनमें असिता ईस्ट, कालिंदी कुंज बायोडायवर्सिटी पार्क, कालिंदी अविरल, असिता वेस्ट, अमृत बायोडायवर्सिटी पार्क, यमुना वनस्थली, गीता कॉलोनी से आईटीओ बैराज तक का इकोटूरिज्म एरिया, मयूर नेचर पार्क, हिंडन सरोवर और वजीराबाद बैराज से ओल्ड रेलवे ब्रिज घाट आदि शामिल हैं।

> डीडीए ने यमुना बाढ़ क्षेत्र में पौधे और रिवराइन घास लगाई थी

# DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
## LIBRARY
## PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS---- हिन्दुस्तान ----DATED नई दिल्ली, मंगलवार, 25 जुलाई 2023

# दिल्ली विकास प्राधिकरण

(भर्ती प्रकोष्ठ)

## सूचना

विज्ञापन सं. 04/कंसलटेंट/2023/रिक्रूट. सैल

### डीडीए में अनुबंध आधार पर अल्प–अवधि हेतु परामर्शदाताओं की नियुक्ति

दिल्ली विकास प्राधिकरण पूर्णतया अनुबंध आधार पर अल्प–अवधि हेतु निम्नलिखित परामर्शदाताओं की नियुक्ति का प्रस्ताव करता है:–

| क्र.सं. | पद का नाम | परामर्शदाताओं की संख्या | विभाग |
|---|---|---|---|
| 1. | परामर्शदाता {भूदृश्य (लैंडस्केप) वास्तुकार} | 07 | भूदृश्य (लैंड स्केप) विभाग |
| 2. | परामर्शदाता (वास्तुकार) | 01 | भूदृश्य (लैंड स्केप) विभाग |

इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे अपने आवेदन–पत्र निर्धारित प्ररूप में केवल ऑनलाइन माध्यम से दिनांक 09.08.2023 को अथवा उससे पहले ई–मेल: consultant.rc@dda.org.in पर प्रस्तुत करें।

कृपया पूर्ण अधिसूचना, बायो डाटा के प्ररूप आदि के लिए डीडीए की वेबसाइट www.dda.gov.in → Jobs → Select Job Category → Jobs 2023-24 देखें।

आयुक्त (कार्मिक)

हमें फॉलो करें ddaofficial official_dda official_dda Official_dda

कृपया दि.वि.प्रा. की वेबसाइट www.dda.gov.in देखें या टॉल फ्री नंबर 1800110332 डायल करें